**<u>विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर।</u>**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| **3 (क)** | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 22 फरवरी, 22 जो आपको सम्बोधित जनपद हरदोई के 22 ग्रामों के मध्य ग्राम समुखा, वि0ख0-माधौगंज, तहसील-बिलग्राम, जनपद-हरदोई में सरकार की महत्वाकांक्षी ग्रामीण चिकित्सा योजना से ग्राम सभा-समुखा में एक राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय/प्रसव केन्द्र स्थापित कराये जाने विषयक था, प्राप्त हुआ है? | मा0 सदस्य का पत्र दिनांक 22.02.2022 के स्थान पर पत्र दिनांक 22.02.2023 प्राप्त हुआ है। |
| **(ख)** | यदि हॉ, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे तथा उन पर क्या कार्यवाही की गयी? | उक्त पत्र जनपद हरदोई के तहसील बिलग्राम, के विकास खण्ड माधौगंज के अन्तर्गत 22 ग्रामों के मध्य ग्राम सभा समुखा में राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय/प्रसव केन्द्र स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में था।<br>ग्राम-सभा समुखा से 05 कि0मी0 की दूरी पर होम्योपैथिक चिकित्सालय, कुरसठ संचालित है एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, माधौगंज 11 कि0मी0 की दूरी पर स्थित है, जिससे क्षेत्रवासियों को चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। ग्राम-सभा समुखा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र न तो जिला योजना अनुश्रवण समिति द्वारा प्रस्तावित/अनुमोदित है और न ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्रसव केन्द्र हेतु भूमि उपलब्धता का प्रस्ताव प्राप्त है।<br>यह भी उल्लेखनीय है कि शासनादेश दिनांक 11.02.2014 के अनुसार जनपद हरदोई विकास खण्ड माधौगंज के अन्तर्गत ग्राम सभा समुखा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु मानक पूर्ण नहीं कर रहा है तथा शासनादेश दिनांक 06.05.2017 के अनुसार प्रदेश में विभाग द्वारा नये |

| | | |
|---|---|---|
| | | चिकित्सालयों की स्थापना की प्राथमिकता निर्धारित न किये जाने तथा निर्मित/निर्माणाधीन चिकित्सालयों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक मानव/वित्तीय संसाधनों की अभिवृद्धि हेतु समुचित कार्यवाही करने की प्राथमिकता निर्धारित की गयी है। |
| **(ग)** | क्या ग्रामीण जनता की चिकित्सीय कठिनाइयों को देखते हुए प्रश्नकर्ता के निर्वाचन क्षेत्र जनपद-हरदोई के विकास खण्ड माधौगंज के अन्तर्गत 22 गांवो के मध्य ग्राम सभा समुखा में प्राथमिकता के आधार पर सरकार की महत्वाकांक्षी ग्रामीण चिकित्सा स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत एक राजकीय प्राथमिक चिकित्सालय/प्रसव केन्द्र स्थापित कराये जाने हेतु जिला योजना में सम्मिलित कराते हुये स्वीकृति प्रदान करा दी गयी है? | उपरोक्तानुसार। |
| **(घ)** | यदि हॉ, तो कब तक चिकित्सालय खोलकर जनहित की चिकित्सीय कठिनाईयों का निदान करायेंगे | उपरोक्तानुसार। |

**ब्रजेश पाठक**

उप मुख्यमंत्री